बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए स्वागत एवम् परिचय समारोह

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 25 जुलाई, 2016 को कला संकाय के बी.ए. प्रथम वर्ष व बी.बी.ए. और बी.बी.ए. केम के नवागुन्तक विद्यार्थियों का परिचय व स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय के संभाग प्रथम व तृतीय के समागार में किया गया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता रहें. सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को अपने जीवन मे सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने बताया कि पढाई के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय उपयोगी कोर्सों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है. विद्यार्थी इनसे लाभान्वित होकर भविष्य में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते है.

डॉ0 जयपाल सिंह ने महाविद्यालय के भिन्न–भिन्न क्लबों के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया. डॉ0 नरेश कामरा ने यू.जी.सी. ग्रान्ट, स्कालरशिप और एड. ऑन कोर्स की जानकारी दी. पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 रामचंद्र ने सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय के नियम संबंधी जानकारी दी. डॉ0 गीता गुप्ता ने सांस्कृतिक गतिविधियों व महिला प्रकोष्ठ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती किरण आनन्द व डॉ0 शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

मोटिवेस्नल वक्ता के रुप में श्रीमती सलोनी कोल व श्री राजूल प्रताप थे. उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि लक्ष्य को कैसे प्राप्त करने के लिए अभिप्रेरित किया.

इस कार्यक्रम में श्रीमती कमल टंडन, श्रीमती किरण आनन्द, डॉ0 नरेश कामरा, श्रीमती रितु, डॉ0 राम चन्द्र, डॉ0 सारिका, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्री विनोद राठी, श्री लवकेश उपस्थित रहें और कार्यालय से श्री मनमोहन सिंगला, श्रीमती ललिता अरोड़ा, श्री अली खॉं, श्री महेश कुमार, श्री त्रिलोक चन्द्र और श्री पवन जैन आदि का भी सराहनीय योगदान रहा.

कार्यक्रम के अन्त में छात्राओं को बैग और फ्रूटी वितरित की गई.